स्वतंत्रता सेनानियों से बच्चे सीखेंगे त्याग की भावना

व्याख्यान

- आइआइएम पुंदाग कैंपस में स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम का शुभारंभ

संवाददाता, रांची

आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाना स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है. वर्तमान समय के बच्चे स्वतंत्रता सेनानियों से परिचित होकर देश के प्रति त्याग और समर्पण को जागृत कर सकेंगे. उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कही. वे सोमवार को आइआइएम रांची के पुंदाग स्थित कैंपस में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद सभागार में पहला वार्षिक व्याख्यान में अपनी बातें रख रही थीं. विशिष्ठ अतिथि मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि विद्यार्थी नौकरी लेने के लिए पढ़ाई न कर, नौकरी देने के लिए पढ़ाई करें. व्याख्यान से ऑनलाइन जुड़े आइआइएम बोर्ड मेंबर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पांडया ने आइआइएम रांची की विभिन्न उपलब्धियों पर चर्चा की. निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने संस्थान के 2010 से अब तक के सफर व उपलब्धियों पर चर्चा की. उन्होंने व्याख्यान में मौजूद केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री से कैंपस को विकसित करने के लिए 150 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की मांग की. कार्यक्रम का संचालन स्वाति किड़ो ने किया. मौके पर बिरसा मुंडा सेंटर फॉर ट्राइबल अफेयर्स प्रो प्रदीप कुमार बाला, प्रो आर रंजीत समेत अन्य मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 16.11.2021, Pg. 02